The aggregate final expenditure received by them (=GDP) must be equal to consumption expenditure and investment expenditure. The aggregate of incomes received by the households is equal to the expenditure received by the firms because the income method and expenditure cancels out from sides, we are left with aggregate savings equal to the aggregate gross investment expenditure.

National Income Accounting

SOME MACROECONOMIC IDENTITIES

Gross Domestic Product measures the aggregate production of final goods and services taking place within the domestic economy during a year. But the whole of it may not accrue to the citizens of the country.

कुछ समष्टि अर्थशास्त्रीय तादात्म्य

सकल घरेलू उत्पाद में किसी घरेलू अर्थव्यवस्था के अंतर्गत एक वर्ष के दौरान अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के समस्त उत्पादन की माप की जाती है। किंतु इसका संपूर्ण उत्पादन देश की जनता को प्राप्त नहीं हो सकता है।

National Income Accounting

For example, a citizen of India working in Saudi Arabia may be earning her wage and it will be included in the Saudi Arabian GDP. But legally speaking, she is an Indian. Is there a way to take into account the earnings made by Indians abroad or by the factors of production owned by Indians?

उदाहरण के लिए, भारत के नागरिक सऊदी अरब में मज़दूरी अर्जित करते हैं, जो सऊदी अरब के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल होगा। विधिक रूप से वह एक भारतीय है। भारतीयों के द्वारा अर्जित आय अथवा भारतीय के स्वामित्व के उत्पादन के कारकों के अर्जित आय की माप करने की क्या कोई विधि है?

National Income Accounting

For example, the profits earned by the Korean-owned Hyundai car factory will have to be subtracted from the GDP of India. The macroeconomic variable which takes into account such additions and subtractions is known as Gross National Product (GNP). It is, therefore, defined as follows

उदाहरणार्थ, कोरियाई स्वामित्व की हुंडई कार फैक्ट्री के द्वारा अर्जित लाभ को भारत के सकल घरेलू उत्पाद से घटाना होगा। समष्टि अर्थशास्त्रीय परिवर्त में इस प्रकार के जोड और घटाव को सकल राष्ट्रीय उत्पाद के रूप में जाना जाता है। अतः इसकी परिभाषा निम्नलिखित रूप में की जाती है।

National Income Accounting

GNP ≡ GDP + Factor income earned by the domestic factors of production employed in the rest of the world – Factor income earned by the factors of production of the rest of the world employed in the domestic economy Hence, GNP ≡ GDP + Net factor income from abroad

सकल राष्ट्रीय उत्पाद ≡ सकल घरेलू उत्पाद शेष विश्व में नियुक्त उत्पादन के घरेलू कारकों द्वारा अर्जित कारक आय – घरेलू अर्थव्यवस्था में नियोजित शेष विश्व के उत्पादन के कारकों द्वारा अर्जित कारक आय।

National Income Accounting

(Net factor income from abroad = Factor income earned by the domestic factors of production employed in the rest of the world – Factor income earned by the factors of production of the rest of the world employed in the domestic economy)

(विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय = शेष विश्व में नियोजित उत्पादन के घरेलू कारकों के द्वारा अर्जित कारक आय – घरेलू अर्थव्यवस्था में नियोजित शेष विश्व के उत्पादन के कारकों द्वारा अर्जित कारक आय)।

National Income Accounting

We have already noted that a part of the capital gets consumed during the year due to wear and tear. This wear and tear is called depreciation. Naturally, depreciation does not become part of anybody's income. If we deduct depreciation from GNP the measure of aggregate income that we obtain is called Net National Product (NNP).

NNP ≡ GNP – Depreciation

पूर्व में हम देख चुके हैं कि टूट–फूट के कारण वर्ष के दौरान पूँजी के एक अंश का उपभोग कर लिया जाता है। इस टूट–फूट को मूल्यह्रास कहते हैं। स्वाभाविक है कि मूल्यह्रास किसी व्यक्ति की आय का अंश नहीं होता। यदि हम सकल राष्ट्रीय उत्पाद से मूल्यह्रास को घटाते हैं, तो हमें समस्त आय की जो माप प्राप्त होती है, उसे निवल राष्ट्रीय उत्पाद कहते हैं।

नवल राष्ट्रीय उत्पाद ≡ सकल राष्ट्रीय उत्पाद – मूल्यह्रास।

National Income Accounting

It is to be noted that all these variables are evaluated at market prices. Through the expression given above, we get the value of NNP evaluated at market prices. But market price includes indirect taxes. When indirect taxes are imposed on goods and services, their prices go up. Indirect taxes accrue to the government.

उल्लेखनीय है कि इन परिवतों का मूल्यांकन बाज़ार कीमत पर किया जाता है। उपर्युक्त व्यंजक के माध्यम से हमें बाज़ार कीमत पर मूल्यांकित निवल राष्ट्रीय उत्पाद का मूल्य प्राप्त होता है, किंतु बाज़ार कीमत में अप्रत्यक्ष कर शामिल रहते हैं। अप्रत्यक्ष कर वस्तुओं और सेवाओं पर आरोपित किये जाते हैं। फलत: कीमत बढ़ जाती है। अप्रत्यक्ष कर सरकार को उपार्जित होता है।

National Income Accounting

We have to deduct them from NNP evaluated at market prices in order to calculate that part of NNP which actually accrues to the factors of production. Similarly, there may be subsidies granted by the government on the prices of some commodities (in India petrol is heavily taxed by the government, whereas cooking gas is subsidised).

निवल राष्ट्रीय उत्पाद का वह अंश जो वास्तव में उत्पादन के कारकों को उपार्जित होता है, उसी गणना करने के क्रम में बाज़ार कीमत पर मूल्यांकित राष्ट्रीय निवल उत्पाद से अप्रत्यक्ष करों को घटाया जाता है। इसी प्रकार, कुछ वस्तुओं की कीमतों पर सरकार द्वारा उपदान प्रदान किया जा सकता है (भारत में पेट्रोल पर सरकार अत्यधिक कर लगाती है जबकि रसोई गैस पर उपदान प्रदान किया जाता है)।

National Income Accounting

So we need to add subsidies to the NNP evaluated at market prices. The measure that we obtain by doing so is called Net National Product at factor cost or National Income.

अतः हमें बाज़ार कीमतों पर मूल्यांकित निवल राष्ट्रीय उत्पाद में उपदान को शामिल करने की आवश्यकता होती है। एसा करने पर हमें जो माप प्राप्त होता है, उसे कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद अथवा राष्ट्रीय आय कहते हैं।

National Income Accounting

Thus, NNP at factor cost ≡ National Income (NI) ≡ NNP at market prices – (Indirect taxes – Subsidies) ≡ NNP at market prices – Net indirect taxes (Net indirect taxes ≡ Indirect taxes – Subsidies)

अतः, कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद ≡ राष्ट्रीय आय (**NI**) ≡ बाज़ार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद – (अप्रत्यक्ष कर – उपदान) ≡ बाज़ार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद – निवल अप्रत्यक्ष कर। (निवल अप्रत्यक्ष कर ≡ अप्रत्यक्ष कर – उपदान)

National Income Accounting

We can further subdivide the National Income into smaller categories. Let us try to find the expression for the part of NI which is received by households. We shall call this Personal Income (PI). First, let us note that out of NI, which is earned by the firms and government enterprises, a part of profit is not distributed among the factors of production. This is called Undistributed Profits (UP).

राष्ट्रीय आय को हम पुनः छोटी-छोटी कोटियों में उपविभाजित कर सकते हैं। अब हम परिवारों के द्वारा प्राप्त राष्ट्रीय आय के अंश के लिए अभिव्यक्ति प्राप्त करें। इसे हम वैयक्तिक आय कहेंगे। प्रथम, मान लीजिए कि राष्ट्रीय आय जो फमों और सरकारी उद्यमों के द्वारा अर्जित की जाती है; में से लाभ का एक अंश उत्पादन के कारकों के बीच वितरित नहीं होता है, इसे अवितरित लाभ कहते हैं।

National Income Accounting

Thus, Personal Income (PI) ≡ NI – Undistributed profits – Net interest payments made by households – Corporate tax + Transfer payments to the households from the government and firms

अतः वैयक्तिक आय ≡ राष्ट्रीय आय – अवितरित लाभ – परिवारों द्वारा की गयी निवल ब्याज अदायगी–निगम कर + सरकार और फर्मों से परिवारों को की गयी अंतरण अदायगी।

National Income Accounting

Personal Disposable Income (PDI) ≡ PI – Personal tax payments – Non-tax payments.

वैयक्तिक प्रयोज्य आय ≡ वैयक्तिक आय – वैयक्तिक कर अदायगी – गैरकर अदायगी।

National Income Accounting

Personal Disposable Income is the part of the aggregate income which belongs to the households. They may decide to consume a part of it, and save the rest.

वैयक्तिक प्रयोज्य आय परिवारों की समस्त आय का अंश है। वे इसके एक अंश का उपभोग करने का निर्णय ले सकते हैं और शेष की बचत कर सकते हैं।

National Income Accounting

National Disposable Income and Private Income Apart from these categories of aggregate macroeconomic variables, in India, a few other aggregate income categories are also used in National Income accounting

- **National Disposable Income = Net National Product at market prices + Other current transfers from the rest of the world**

राष्ट्रीय प्रयोज्य आय और निजी आय भारत में समस्त समष्टि अर्थशास्त्रीय परिवर्तों की इन कोटियों के अलावे कुछ अन्य समस्त आय कोटियां भी हैं, जिनका प्रयोग राष्ट्रीय आय लेखांकन में होता है।

- राष्ट्रीय प्रयोज्य आय = बाज़ार कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद शेष विश्व के दूसरे देशों से प्राप्त अन्य चालू अंतरण।

National Income Accounting

The idea behind National Disposable Income is that it gives an idea of what is the maximum amount of goods and services the domestic economy has at its disposal. Current transfers from the rest of the world include items such as gifts, aids, etc.

राष्ट्रीय प्रयोज्य आय के परिप्रेक्ष्य का विचार यह है कि इससे जानकारी मिलती है कि घरेलू अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं की अधिकतम मात्रा कितनी है। शेष विश्व में चालू अंतरण में उपहार, सहायता राशि इत्यादि आते हैं।

National Income Accounting

- **Private Income = Factor income from net domestic product accruing to the private sector + National debt interest + Net factor income from abroad + Current transfers from government + Other net transfers from the rest of the world.**

- निजी आय = निजी क्षेत्र को उपगत होने वाले घरेलू उत्पाद से प्राप्त कारक आय + राष्ट्रीय ऋण ब्याज + विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय + सरकार से चालू अंतरण + शेष विश्व से अन्य निवल अंतरण।

National Income Accounting

❑ NOMINAL AND REAL GDP

Therefore, in order to compare the GDP figures (and other macroeconomic variables) of different countries or to compare the GDP figures of the same country at different points of time, we cannot rely on GDPs evaluated at current market prices. For comparison we take the help of real GDP.

❑ मौद्रिक सकल घरेलू और वास्तविक कर

अतः विभिन्न देशों के सकल घरेलू उत्पाद के आँकड़ों (अन्य समष्टि अर्थशास्त्रीय परिवतों) की तुलना अथवा विभिन्न समयों में एक ही देश के सकल घरेलू उत्पाद के आँकड़ों की तुलना करने के क्रम में हम चालू बाज़ार कीमतों पर मूल्यांकित सकल घरेलू उत्पादों पर विश्वास नहीं कर सकते हैं। तुलना के लिए हम वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की सहायता ले सकते हैं।

National Income Accounting

Real GDP is calculated in a way such that the goods and services are evaluated at some constant set of prices (or constant prices). Since these prices remain fixed, if the Real GDP changes we can be sure that it is the volume of production which is undergoing changes. Nominal GDP, on the other hand, is simply the value of GDP at the current prevailing prices.

वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की गणना इस प्रकार की जाती है कि वस्तुओं का मूल्यांकन कीमतों के कुछ स्थिर समुच्चय या (स्थिर कीमतों) पर होता है। चूँकि ये कीमतें स्थिर रहती हैं, इसीलिए यदि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में परिवर्तन होता है, तो यह निश्चित है कि उत्पादन के परिमाण में परिवर्तन होगा। इसके विपरीत मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद वर्तमान कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद का मूल्य मात्र ही है।

National Income Accounting

Notice that the ratio of nominal GDP to real GDP gives us an idea of how the prices have moved from the base year (the year whose prices are being used to calculate the real GDP) to the current year. In the calculation of real and nominal GDP of the current year, the volume of production is fixed.

ध्यान दीजिए कि मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद और वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात से हमें यह ज्ञात होता है कि कीमत में आधार वर्ष (जिस वर्ष की कीमतों का प्रयोग वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की गणना में की जाती है) की तुलना में चालू वर्ष में किस प्रकार वृद्धि हुई। चालू वर्ष के वास्तविक और मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद की गणना में उत्पादन का परिमाण स्थिर रहता है।

National Income Accounting

Therefore, if these measures differ it is only due to change in the price level between the base year and the current year. The ratio of nominal to real GDP is a well known index of prices. This is called GDP Deflator. Thus if GDP stands for nominal GDP and gdp stands for real GDP then, GDP deflator =

$$\frac{GDP}{gdp}$$

अतः इन मापों में अंतर केवल आधार वर्ष और चालू वर्ष की कीमत में अंतर के कारण ही होता है। मौद्रिक और वास्तविक सकल घरेलू उत्पादों का अनुपात सुपरिचित कीमत सूचकांक होता है। इसे सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक कहते हैं। अतः सकल घरेलू उत्पाद से मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद तथा **GDP** से वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का बोध होता है। सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक =

$$\frac{GDP}{gdp}$$

National Income Accounting

Sometimes the deflator is also denoted in percentage terms. In such a case deflator = $\frac{GDP}{gdp} \times 100$ per cent.

कभी–कभी अवस्फीतिक को प्रतिशत के पदों में भी प्रदर्शित किया जाता है। इस स्थिति में, अवस्फीतिक = $\frac{GDP}{gdp} \times 100$

National Income Accounting

There is another way to measure change of prices in an economy which is known as the Consumer Price Index (CPI). This is the index of prices of a given basket of commodities which are bought by the representative consumer. CPI is generally expressed in percentage terms. We have two years under consideration – one is the base year, the other is the current year.

अर्थव्यवस्था में कीमतों में परिवर्तन की माप करने की दूसरी विधि भी है जिसे उपभोक्ता कीमत सूचकांक (**CPI**) कहते हैं। यह वस्तुओं की दी गई टोकरी, जिनका क्रय प्रतिनिधि उपभोक्ता करते हैं, का कीमत सूचकांक है। उपभोक्ता कीमत सूचकांक को प्रायः प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है। हम दो वर्षों पर विचार करते हैं – एक आधार वर्ष होता है तथा दूसरा चालू वर्ष। हम आधार वर्ष में वस्तुओं की दी हुई टोकरी के क्रय की लागत की गणना करते हैं।

National Income Accounting

One is the retail price which the consumer actually pays. The other is the wholesale price, the price at which goods are traded in bulk. These two may differ in value because of the margin kept by traders.

एक खुदरा कीमत होती है जो उपभोक्ता वास्तव में अदा करता है। दूसरी थोक कीमत होती है, इस कीमत पर बहुमात्रा में वस्तुओं का व्यापार होता है। इन दोनों के मूल्यों में अंतर हो सकते हैं, क्योंकि उपांत व्यापारियों के पास रहता है।

National Income Accounting

Goods which are traded in bulk (such as raw materials or semi-finished goods) are not purchased by ordinary consumers. Like CPI, the index for wholesale prices is called Wholesale Price Index (WPI). In countries like USA it is referred to as Producer Price Index (PPI). Notice CPI (and analogously WPI) may differ from GDP deflator because

बहुमात्रा में व्यापार की जाने वाली वस्तुओं (कच्चा माल अथवा अर्ध–निर्मित वस्तुएँ) का क्रय साधारण उपभोक्ता नहीं करते हैं। उपभोक्ता कीमत सूचकांक के समान थोक कीमत सूचकांक को थोक कीमत सूचकांक **(WPI)** कहते है। संयुक्त राज्य अमरीका जैसे देशों में इसे उत्पादक कीमत सूचकांक **(PPI)** कहते हैं। ध्यान रहे कि उपभोक्ता कीमत सूचकांक (थोक कीमत सूचकांक के सादृश्य) में सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक से अंतर हो सकता है क्योंकि

National Income Accounting

1. **The goods purchased by consumers do not represent all the goods which are produced in a country. GDP deflator takes into account all such goods and services.**
2. **CPI includes prices of goods consumed by the representative consumer, hence it includes prices of imported goods. GDP deflator does not include prices of imported goods.**

1. उपभोक्ता जिन वस्तुओं का क्रय करते हैं, उनसे देश में उत्पादित सभी वस्तुओं का प्रतिनिधित्व नहीं होता है। सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक में सभी एसी वस्तुएँ और सेवाएँ हैं।
2. उपभोक्ता कीमत सूचकांक में प्रतिनिधि उपभोक्ता द्वारा उपभोग की गई वस्तुओं की कीमतें शामिल हैं। अतः इसमें आयातित वस्तुओं की कीमतें शामिल हैं। सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक में आयातित वस्तुओं की कीमतें शामिल नहीं होती है।

National Income Accounting

3. The weights are constant in CPI – but they differ according to production level of each good in GDP deflator.

3. उपभोक्ता कीमत सूचकांक में भार नियत रहता है। लेकिन सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक में प्रत्येक वस्तु के उत्पादन स्तर के अनुसार उनमें अंतर होता है।

National Income Accounting

GDP AND WELFARE

Can the GDP of a country be taken as an index of the welfare of the people of that country? If a person has more income he or she can buy more goods and services and his or her material well-being improves. So it may seem reasonable to treat his or her income level as his or her level of well-being.

सकल घरेलू उत्पाद और कल्याण

क्या किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद को उस देश के लोगों के कल्याण के सूचकांक के रूप में लिया जा सकता है? यदि किसी व्यक्ति की आय अधिक है, तो वह अधिक वस्तुओं और सेवाओं का क्रय कर सकता है अथवा उनके भौतिक कल्याण में सुधार हो सकता है। अत: यह उचित होगा कि उनके आय स्तर को उनके कल्याण स्तर के रूप में देखा जाए।

National Income Accounting

GDP is the sum total of value of goods and services created within the geographical boundary of a country in a particular year. It gets distributed among the people as incomes (except for retained earnings).

सकल घरेलू उत्पाद किसी वर्ष विशेष में किसी देश की भौगोलिक सीमा के अंतर्गत सृजित वस्तु एवं सेवाओं के कुल मूल्य का योग होता है। सकल घरेलू उत्पाद का वितरण लोगों के बीच आय (प्रतिधारित आय को छोड़कर)।

National Income Accounting

1. **Distribution of GDP – how uniform is it: If the GDP of the country is rising, the welfare may not rise as a consequence. This is because the rise in GDP may be concentrated in the hands of very few individuals or firms. For the rest, the income may in fact have fallen. In such a case the welfare of the entire country cannot be said to have increased.**

1. सकल घरेलू उत्पाद का वितरण: यह कितना समरूप है? यदि देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो रही, तो कल्याण में उसके अनुसार वृद्धि नहीं हो सकती है। इस स्थिति में संपूर्ण देश के कल्याण में वृद्धि नहीं हो सकती।

National Income Accounting

2. **Non-monetary exchanges: Many activities in an economy are not evaluated in monetary terms. For example, the domestic services women perform at home are not paid for. The exchanges which take place in the informal sector without the help of money are called barter exchanges. In barter exchanges, goods (or services) are directly exchanged against each other**

2. गैर–मौद्रिक विनिमय: अर्थव्यवस्था के अनेक कार्यकलापों का मूल्यांकन मौद्रिक रूप में नहीं होता। उदाहरणार्थ, महिलाएँ जो अपने घरों में घरेलू सेवाओं का निष्पादन करती है, उसके लिए उसे कोई पारिश्रमिक नहीं मिलता। मुद्रा की सहायता के बिना अनऔपचारिक क्षेत्रक में जो विनिमय होते हैं, उसे वस्तु विनिमय कहते हैं। वस्तु विनिमय में वस्तुओं का (सेवाएँ) एक–दूसरे के बदले प्रत्यक्ष रूप से विनिमय होता है,

National Income Accounting

3. Externalities:

Externalities refer to the benefits (or harms) a firm or an individual causes to another for which they are not paid (or penalised). Externalities do not have any market in which they can be bought and sold. For example, let us suppose there is an oil refinery which refines crude petroleum and sells it in the market.

3. **बाह्य कारण:** बाह्य कारणों से तात्पर्य किसी फर्म या व्यक्ति के लाभ (हानि) से है, जिससे दूसरा पक्ष प्रभावित होता है जिसे भुगतान नहीं किया जाता है (दंडित)। बाह्य कारणों का कोई बाज़ार नहीं होता है, जिसमें उनको खरीदा या बेचा जा सके। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि एक तेल शोधक संयंत्र है, जिसमें कच्चे पेट्रोलियम का परिशोधन होता है और उसे बाज़ार में बेचा जाता है।

National Income Accounting

The output of the refinery is the amount of oil it refines. We can estimate the value added of the refinery by deducting the value of intermediate goods used by the refinery (crude oil in this case) from the value of its output. The value added of the refinery will be counted as part of the GDP of the economy.

तेल शोधक यंत्र का निर्गत इसके द्वारा परिशोधित तेल की मात्रा है। हम तेल शोधक संयंत्र की मध्यवर्ती के मूल्य (इस स्थिति में कच्चा तेल) को इसके निर्गत से घटाकर मूल्यवर्धित का आकलन कर सकते हैं। तेल शोधक संयंत्र के मूल्यवर्धित की अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद में गणना की जाती है।

National Income Accounting

Pollution may also kill fish or other organisms of the river on which fish survive. As a result, the fishermen of the river may be losing their livelihood. Such harmful effects that the refinery is inflicting on others, for which it will not bear any cost, are called externalities.

प्रदूषण से मछली अथवा नदी के अन्य जीवों के जीवन को खतरा हो सकता है। फलत: नदी का नाविक अपनी आय और उपयोगिता से वंचित होगा। इनके हानिकारक प्रभाव हैं। नाविक को नदी में मछली पकड़ने वालों की आय से वंचित होना पड सकता है। तेल शोधक संयंत्रों द्वारा दूसरों पर डाले गए हानिकारक प्रभावों जिनकी उन्हें कोई लागत नहीं अदा करनी होती है, बाह्य कारण कहे जाते हैं।

National Income Accounting

if we take GDP as a measure of welfare of the economy we shall be overestimating the actual welfare. This was an example of negative externality. There can be cases of positive externalities as well. In such cases, GDP will underestimate the actual welfare of the economy.

यदि हम सकल घरेलू उत्पाद को अर्थव्यवस्था के कल्याण की माप के रूप में लें, तो हमें वास्तविक कल्याण का अति मूल्यांकन प्राप्त होगा। यह ऋणात्मक बाह्यकारण का उदाहरण था। यह धनात्मक बाह्यकरण की स्थितियां भी हो सकती है। एसी स्थितियों में सकल घरेलू उत्पाद से अर्थव्यवस्था के वास्तविक कल्याण का अल्प–मूल्यांकन होगा।

National Income Accounting

At a very fundamental level, the macroeconomy (it refers to the economy that we study in macroeconomics) can be seen as working in a circular way. The firms employ inputs supplied by households and produce goods and services to be sold to households. Households get the remuneration from the firms for the services rendered by them and buy goods and services produced by the firms.

अति मौलिक स्तर पर समष्टिगम अर्थव्यवस्था (जिस अर्थव्यवस्था का अध्ययन हम समष्टि अर्थशास्त्र में करते हैं) की कार्य पद्धति को वर्तुल पथ में देखा जा सकता है। फर्म परिवारों के द्वारा पूर्ति किए गए आगतों का नियोजन करते हैं और परिवारों को बेचने के लिए वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करते हैं। परिवार फर्म को प्रदान की गई सेवा के लिए पारिश्रमिक प्राप्त करता है और उससे फर्म द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का क्रय करता है।

National Income Accounting

So we can calculate the aggregate value of goods and services produced in the economy by any of the three methods

(a) measuring the aggregate value of factor payments (income method)

अतः हम किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की गणना तीन में से किसी भी विधि से कर सकते हैं।

1. कारक अदायगी के समस्त मूल्यों की माप करके (आय विधि),

National Income Accounting

(b) measuring the aggregate value of goods and services produced by the firms (product method)

(c) measuring the aggregate value of spending received by the firms (expenditure method).

2. फर्मों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के समस्त मूल्य की माप करके (उत्पाद विधि) और

3. फर्मों द्वारा प्राप्त व्यय के समस्त मूल्य की माप करके (व्यय विधि)।

National Income Accounting

In the product method, to avoid double counting, we need to deduct the value of intermediate goods and take into account only the aggregate value of final goods and services. We derive the formulae for calculating the aggregate income of an economy by each of these methods.

उत्पाद विधि में दुहरी गणना को दूर करने के लिए हमें मध्यवर्ती वस्तुओं के मूल्य को घटाना होगा और अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के समस्त मूल्य को ही ग्रहण करना होगा। इनमें से प्रत्येक विधियों से हम अर्थव्यवस्था की समस्त आय की गणना के लिए सूत्र व्युत्पन्न कर सकते हैं।

National Income Accounting

We also take note that goods can also be bought for making investments and these add to the productive capacity of the investing firms. There may be different categories of aggregate income depending on whom these are accruing to.

हमें यह भी ध्यान में रखना है कि वस्तुओं का क्रय निवेश के लिए भी किया जा सकता है और इनसे निवेशकर्ता फमों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है। समस्त आय की भिन्न-भिन्न कोटियां हो सकती है, जो उन पर निर्भर करेगी जिनको आय उपगत होती है।

National Income Accounting

We have pointed out the difference between GDP, GNP, NNP at market price, NNP at factor cost, PI and PDI. Since prices of goods and services may vary, we have discussed how to calculate the three important price indices (GDP deflator, CPI, WPI).

सकल घरेलू उत्पाद, सकल राष्ट्रीय उत्पाद, बाज़ार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद, कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद, वैयक्तिक आय और वैयक्तिक प्रयोज्य आय में हम अंतर दिखला सकते हैं। चूँकि वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें भिन्न-भिन्न हो सकती हैं, इसीलिए हम यह विमर्श करते हैं कि तीन महत्त्वपूर्ण कीमत सूचकांकों (सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक, उपभोक्ता कीमत सूचकांक और थोक कीमत सूचकांक) की गणना कैसे की जाए।

National Income Accounting

Finally we have noted that it may be incorrect to treat GDP as an index of the welfare of the country.

अंत में, हम यह देखते हैं कि सकल घरेलू उत्पाद को किसी देश के कल्याण के सूचकांक के रूप में लेना गलत होगा।